**भारत सरकार**
**विद्युत मंत्रालय**
**....**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-3866**
**जिसका उत्तर 23 मार्च, 2023 को दिया जाना है।**

**जलविद्युत परियोजना**

**3866. श्री सी. लालरोसांगा:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का दक्षिण मिजोरम में कोलोडाइन नदी पर जलविद्युत परियोजना का निर्माण करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो क्या प्रस्तावित परियोजना के लिए कोई सर्वेक्षण किया गया है;

(ग) यदि हां, तो उसकी प्रगति क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) से (घ) :** मिजोरम राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, केंद्रीय जल आयोग द्वारा वर्ष 2008 में 460 मेगावाट की कोलोडाइन जल-विद्युत परियोजना (एचईपी) के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई तथा इसे दिनांक 14/09/2011 को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा सहमति दी गई। इस परियोजना के निष्पादन के लिए राज्य सरकार द्वारा मैसर्स नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) के साथ दिनांक 22 दिसंबर, 2008 को समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए थे। लेकिन परियोजना को आर्थिक रूप से अव्यवहार्य पाया गया क्योंकि वर्ष 2010 के मूल्य स्तर पर स्तरीकृत टैरिफ 11 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित किया गया था और मिजोरम सरकार तथा एनटीपीसी के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को दिनांक 1 जून, 2020 को निरस्त कर दिया गया था।

*************